
- **हाल ही में 16 जनवरी 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट में 9 नए न्यायाधीशों को नियुक्त किया है, जिससे राजस्थान में न्यायाधीशों की संख्या हो गई-**

(1) 26 (2) 35
(3) 39 (4) 45 **(2)**

**व्याख्या-**



Hon'ble The Chief Justice
Shri Pankaj Mithal

राजस्थान हाईकोर्ट के 40वें मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल है।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 9 नए जजों की मंजूरी दी है इनमें से 6 न्यायिक अधिकारी कोटे व 3 वकील कोटे से हैं।

न्यायिक अधिकारी कोटे से राजेन्द्र प्रकाश सोनी, अशोक कुमार जैन, योगेंद्र कुमार पुरोहित, भुवन गोयल, प्रवीण भटनागर, आशुतोष कुमार के नाम की मंजूरी दी गई है।

वकील कोटे से अनिल उपमन व नूपूर भाटी, गणेशाराम मीणा के नाम की मंजूरी दी गई है।

हाईकोर्ट में महिला न्यायाधीशों की संख्या 3 हो चुकी है, जिसमें शुभा महत्ता, रेखा बोराणा, नूपुर भाटी शामिल हैं।

- **राज्य में कितनी ग्राम पंचायत हेतु गोशाला व पशु आश्रय स्थल जन सहभागिता योजना को मंजूरी दी गई है-**

(1) 1500 (2) 570
(3) 270 (4) 1000 **(1)**

**व्याख्या-** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने योजना के प्रथम चरण में 1500 ग्राम पंचायतों में गौशाला और पशु आश्रय स्थल निर्माण और संचालन के लिए लगभग 1377 करोड़ रुपए की वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है।

इसके तहत वर्ष 2022-23 में 200 तथा 2023-24 में 1300 ग्राम पंचायतों में स्थलों का निर्माण किया जाएगा।

इसमें राज्य सरकार 90% और कार्यकारी एजेंसी 10% राशि वहन करेगी।

- **राजस्थान में पहली बार किस जिले की गौशाला में CNG प्लांट लगाया गया है-**

(1) हिंगोनिया (जयपुर)
(2) डीग (भरतपुर)
(3) पुष्कर (अजमेर)
(4) कानोता (जयपुर) **(1)**

- **पंचायत समिति स्तर पर नंदी गौशाला खोलने को लेकर प्रदेश का पहला अनुबन्ध किस जिले में हुआ है?**

(1) हनुमानगढ़ (2) भरतपुर
(3) जयपुर (4) जोधपुर **(1)**

**व्याख्या-** राजस्थान राज्य पंचायत समिति स्तर पर आवारा गौवंश की सुरक्षा व संरक्षण हेतु नंदी गौशाला चलाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

बजट 2022-23 में नंदी गौशाला के लिए 650 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रत्येक नंदी गौशाला में 90% राशि राज्य सरकार व

10% राशि केन्द्र सरकार द्वारा वहन की जायेगी।

नंदी गौशाला चलाने के लिए जो संस्था इसको बनायेगी, उसको 20 वर्ष तक इसका संचालन करना भी जरूरी होगा।

❑ **अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जयपुर सेंट्रल की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में किसे वैश्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया–**

(1) अशोक गहलोत (2) सुधीर जैन

(3) मोहम्मद हुसैन (4) अनिल कुमार अग्रवाल **(4)**

**व्याख्या–** अनिल कुमार अग्रवाल को व्यवसायिक सेवा क्षेत्र में प्रेरणास्पद कार्य करने के लिए वैश्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

❑ **38वाँ सड़क सुरक्षा सप्ताह कब मनाया गया?**

(1) 11 से 17 जनवरी 2023

(2) 1 से 7 जनवरी 2023

(3) 6 से 13 जनवरी 2023

(4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

❑ **बच्चों के लिए किस जिले में खिलौना बैंक की शुरूआत की गई?**

(1) भरतपुर (2) अलवर

(3) जयपुर (4) हनुमानगढ़ **(4)**

❑ **मेक्रो शीट इंडिया लिमिटेड ने एचडीईपी शीट बनाने वाला देश का पहला प्लांट कहाँ लगाया है?**

(1) जोधपुर (2) हनुमानगढ़

(3) बाँसवाड़ा (4) जयपुर **(4)**

**व्याख्या–**

Macro Sheet India Limited
A Company where quality matters.

यह प्लांट बिंदायका औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में लगाया गया है।

इसका शुभारम्भ पीएचईडी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने किया।

यह प्लांट राज्य सरकार की रिप्स 2022 योजना के तहत लगाया गया है।

इसकी उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 10 हजार मैट्रिक टन है, इसमें जो शीट बनेगी उसका प्रयोग जल संचय, हाइड्रो प्रोजेक्ट, नहर क्षेत्र, पेट्रोकेमिकल, सड़क व रेल निर्माण वेस्ट मैनेजमेंट क्षेत्र आदि में किया जायेगा।

❑ **निम्न में से किसे समाज कल्याण विभाग की ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है?**

(1) गौरी महेश्वरी (2) प्रिया सिंह

(3) रेणु कुमारी (4) गीता फोगाट **(2)**

**व्याख्या–**




समाज कल्याण विभाग की वर्तमान अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा है।

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राजस्थान की पहली स्वर्ण पदक विजेता दलित महिला बॉडी बिल्डिंग प्रिया सिंह को समाज कल्याण विभाग की ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की।

प्रिया सिंह (निवासी–बीकानेर) ने थाईलैण्ड के पटाया में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।

- **राजकुमारी गुर्जर का दिसम्बर 2022 में 6 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो गया, वे किस विभाग की सदस्य थी?**

(1) राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड
(2) राज्य लोक सेवा आयोग
(3) राज्य सूचना आयोग
(4) राज्य वित्त आयोग **(2)**

**व्याख्या-**




राजस्थान लोक सेवा आयोग के वर्तमान अध्यक्ष संजय कुमार व वर्तमान सदस्य डॉ. संगीता आर्य, डॉ. जसवंत सिंह राठी, बाबूलाल कटारा, डॉ. मंजू शर्मा हैं। राजकुमारी गुर्जर की नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के कार्यकाल में 7 दिसम्बर 2016 को की गई थी।

**राजस्थान लोक सेवा आयोग ( RPSC )-**

मुख्यालय- अजमेर
स्थापना-1949
आयोग में 1 अध्यक्ष और 7 सदस्य होते हैं।
अध्यक्ष व सदस्य का कार्यकाल- 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु।

- **राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई राजीव गाँधी जल संचय योजना के दूसरे चरण में राजस्थान के कितने गाँवों को शामिल किया गया है?**

(1) 1500 (2) 1000
(3) 4500 (4) 3000 **(3)**

**व्याख्या-** योजना के दूसरे चरण की अवधि 2 वर्ष होगी। दूसरे चरण में प्रदेश की 352 पंचायत समितियों के 4500 गाँव शामिल किये गये।
20 अगस्त 2019 को राजीव गाँधी जल संचय योजना की शुरूआत की गई।
प्रथम चरण में 1450 ग्राम पंचायतों में 4029 गाँव शामिल किये गये थे।
इसका प्रशासनिक विभाग ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज विभाग है।

- **राजस्थान के सीकर जिले के ओमप्रकाश मिठारवाल को अर्जुन अवार्ड 2022 से सम्मानित किया, इनका संबंध किस खेल से है?**

(1) तीरंदाजी
(2) निशानेबाजी
(3) बैडमिंटन
(4) हैमर थ्रो **(2)**

**व्याख्या-**




इन्होंने 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेल में कांस्य पदक प्राप्त किया।
राष्ट्रमंडल खेल में दो कांस्य पदक जीतने वाला भारत

का दूसरा खिलाड़ी है।

2015 में पहली बार नेशनल कंपटीशन में रजत पदक जीता।

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप की 10 मीटर एयर पिस्टल सेट कंपटीशन में गोल्ड जीता।

विश्व चैंपियनशिप निशानेबाजी की 50 मीटर पिस्टल चैंपियनशिप में फाइनल राउंड में 564 अंक के साथ गोल्ड मेडल जीता।

- **केन्द्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किस दुर्ग में 9वीं -10वीं शताब्दी की खोई हुई नटराज प्रतिमा पुनः सौंपी है?**

(1) कुंभलगढ़ दुर्ग
(2) चित्तौड़गढ़ दुर्ग
(3) लोहागढ़ दुर्ग
(4) आमेर दुर्ग **(2)**

**व्याख्या-**



यह प्रतिमा 9वीं से 10वीं शताब्दी के बीच की है जिसे चित्तौड़गढ़ जिले के बाडौली स्थित शिव मंदिर से 1998 में चुरा लिया गया था।

वर्ष 2020 में इस प्रतिमा को लंदन के एक निजी संग्रहालय से भारत लाने में कामयाबी मिली थी।

- **अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यपाल कलराज मिश्र को अपनी कौन-कौनसी पुस्तकें भेंट की।**

(1) दिव्य पथ दांपत्य का
(2) एक सफर-हम सफर के साथ
(3) (1) व (2) दोनों
(4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

**व्याख्या-**



बीकानेर में 10 दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी 2022 का शुभारंभ देश के संसदीय मामले व संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया था।

- **13 से 15 जनवरी 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय ऊँट महोत्सव, बीकानेर में मिस्टर बिकाणा का खिताब किसने जीता?**

(1) श्यामसंदुर स्वामी (2) सुंदर राठौड़
(3) भरत बोहरा (4) रविन्द्र जोशी **(4)**

**व्याख्या-** मिस मरवण-कोमल सिद्ध

मिस्टर पोकरण 2022- भरत बोहरा

सुंदर राठौड़ ने 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबुरी का डिजाइन तैयार किया।

- **देश के केन्द्रीय श्रम और रोजगार, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने किस जिले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया?**

(1) बीकानेर (2) हनुमानगढ़
(3) जयपुर (4) अलवर **(4)**

RAI PUBLICATION APP

व्याख्या-



13 जनवरी 2023 को अलवर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय अलवर भरतपुर और धौलपुर जिलों के औद्योगिक और अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों की सेवा करेगा।

EPFO के प्रबंधन के लिए जयपुर को दो क्षेत्रीय कार्यालयों अर्थात् क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर और क्षेत्रीय कार्यालय अलवर में विभाजित किया गया।

- **15 जनवरी 2023 को किस विभाग द्वारा हवामहल फैस्टिवल का आयोजन किया गया?**

(1) पर्यटन विभाग द्वारा
(2) परिवहन विभाग द्वारा
(3) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा
(4) ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा **(1)**

**व्याख्या**- 14 जनवरी 2023 को जल महल जयपुर में पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया।

12 से 14 जनवरी 2023 को भीलवाड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

- **राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगजन उत्कृष्टता के लिए अलवर जिले को सम्मानित किया गया, जबकि राज्य स्तर पर किस जिले को सम्मानित किया गया?**

(1) करौली (2) भरतपुर
(3) बाड़मेर (4) कोटा **(3)**

**व्याख्या**- 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर बाड़मेर जिले को जयपुर में राज्यस्तरीय समारोह में दिव्यांगजन के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर अलवर जिला सम्मानित हुआ था।

- **अरुण कसुंभिवाल का सम्बन्ध किस जिले है?**

(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) जैसलमेर (4) उदयपुर **(1)**

**व्याख्या**- जयपुर निवासी वास्तुविद अरुण कसुंभिवाल को 3000 से अधिक भवनों के डिजाइन और निर्माण के लिए एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान क्रिकेट संघ की क्रिकेट अकादमी कहाँ स्थापित करने की घोषणा की?**

(1) बीकानेर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) अलवर **(2)**

**व्याख्या**-



यह क्रिकेट अकादमी बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में लगभग 331 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित की

राय® Publication Pvt. Ltd.

जायेगी।

राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत है।

- **26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि होंगे-**

(1) शेख हसीना

(2) अब्देल फतेह अल सिसी

(3) हिलेरी क्लिंटन

(4) बोरिस जॉनसन **(2)**

**व्याख्या-** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन दिसम्बर 2022 में जयपुर भ्रमण पर आये। दोनों विदेशी आदित्य बिरला ग्रुप की ओर से आयोजित कॉफ्रेंस में शामिल होने के लिए आये।

अब्देल फतेह अल सिसी-मिस्त्र के राष्ट्रपति 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि होंगे।



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सितंबर माह में राजस्थान के अजमेर दरगाह पर जियारत की।

- **16 वें जयपुर साहित्य महोत्सव में 8वें महाकवि कन्हैयालाल सेठिया कविता अवार्ड प्रदान किया जाएगा।**

(1) कमल रंगा को

(2) के.सच्चिदानंद को

(3) रंजीत होस्कोटे को

(4) दिलीप भट्ट को **(2)**

**व्याख्या-** 5 से 14 मार्च 2022 को 15वें जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में 7वाँ महाकवि कन्हैया लाल सेठिया कविता अवार्ड रंजीत होस्कोटे को दिया गया। मारवाड़ रत्न पद्मश्री कोमल कोठारी सम्मान 2022 डॉ. महेन्द्र भानावत को प्रदान किया गया।

- **सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने 15 जनवरी 2023 से हर घर पंचायत अभियान का शुभारंभ कहाँ से किया?**

(1) निंबूरी, पाली (2) पूनखर, अलवर

(3) तारातरा, बाड़मेर (4) किठाना, झुंझुनू **(2)**

**व्याख्या-**



15 जनवरी 2023 को पूनखर गांव, अलवर से हर घर पंचायत अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत ग्रामीणों से संवाद किया और बिजली, पानी, विद्युत, सड़क आदि समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

❑ **देश में पहली बार राइट टू साइट विजन के उद्देश्य के साथ अंधता नियंत्रण पॉलिसी लागू करने वाला पहला राज्य है-**

(1) कर्नाटक (2) हरियाणा
(3) राजस्थान (4) उत्तराखण्ड **(3)**

**व्याख्या-** मुख्यमंत्री के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अंधता निवारण के लिए नीति दस्तावेज जारी किया। यह पॉलिसी राज्य में 3 लाख से अधिक दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में रोशनी लाने के उद्देश्य से लाई गई है।

देश में वर्ष 2020 में अंधता प्रसार दर 1.1% थी, जिसे 'राइट विजन पॉलिसी' की मदद से 0.3% तक लाने की दिशा में प्रयास होंगे।

नीति के तहत सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अनिवार्य रूप से केराटोप्लास्टी सेन्टर और आई-बैंक संचालित होंगे।

❑ **राज्य सरकार द्वारा मिरासी व भिश्ती समुदाय के 2000 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष किस योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।**

(1) मुख्यमंत्री फीस पुनर्भरण योजना
(2) उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
(3) मुख्यमंत्री अलंकार योजना
(4) राजस्थान अनुप्रति योजना **(2)**

**व्याख्या-** योजना में 2.5 लाख तक की पारिवारिक वार्षिक आय वाले मिरासी तथा भिश्ती समुदाय के विद्यार्थी पात्र होंगे।

कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक के 2000 विद्यार्थियों को प्रति वर्ष 5000 से 20000 रुपये तक प्रति छात्रवृत्ति मिलेगी।

❑ **दुनिया के सबसे बड़े रिवर क्रूज गंगा विलास का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया, इसका निर्माण राज सिंह की कंपनी अंतरा लग्जरी रिवर क्रूजेज ने बनाया इनका संबंध किस जिले से है?**

(1) सीकर (2) भरतपुर
(3) भीलवाड़ा (4) जयपुर **(2)**

**व्याख्या-**



इसका उद्घाटन 13 जनवरी 2023 को किया गया। लग्जरी रिवर क्रूज बनाने वाली यह देश की पहली कंपनी है यह क्रूज वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक चलेगी।

❑ **राजस्थान के कितने न्याय क्षेत्रों में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का शुभारंभ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल ने किया?**

(1) 9 (2) 12
(3) 19 (4) 23 **(4)**

**व्याख्या-** 11 जनवरी 2023 से राजस्थान के 36 न्याय क्षेत्रों में से 23 न्याय क्षेत्रों में राजस्थान लीगल सर्विस अथॉरिटीलीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का शुभारंभ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल ने किया।

❑ **राजस्थान की किस GI टैग वस्तु का IPO लॉन्च किया गया है?**

(1) सोजत की मेहंदी (2) ब्लू पॉटरी
(3) बीकानेरी भुजिया (4) मकराना मार्बल **(3)**

**व्याख्या-** बीकानेरी भुजिया को 2010 में GI टैग दिया गया था।

राय Publication Pvt. Ltd.

❑ **राजीव गाँधी शहरी ओलंपिक खेल कितने नगरीय निकायों में आयोजित होंगे?**

(1) 10 (2) 20
(3) 5 (4) 240 **(4)**

**व्याख्या**– राजीव गाँधी शहरी ओलंपिक की शुरूआत 26 जनवरी 2023 को होगी। इसके लिए निकायबार कुल 628 क्लस्टर्स का निर्माण किया गया है।

इसमें 7 खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं–

1. कबड्डी 2. टेनिस बॉल क्रिकेट 3. एथलेटिक्स 4. वॉलीबॉल 5. फुटबॉल 6. बास्केटबॉल 7. खो–खो।

❑ **मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकार पुरस्कार योजना के संदर्भ में कौनसा कथन सत्य है–**

(1) राज्य सरकार द्वारा बजट 2022-23 में इसकी घोषणा की गई।

(2) योजना के तहत EWS के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया जायेगा।

(3) सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग इस योजना से संबंधित विभाग है।

(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

**व्याख्या**– इस योजना के तहत आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10 व 12 में संकाय वार (कला, वाणिज्य, विज्ञान) में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा आयोजित परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले वरीयता के आधार पर कक्षा 10 से 20 (10 छात्र व 10 छात्रा), कक्षा 12 के कुल 12 (6 छात्र व 6 छात्रा) चयनित विद्यार्थियों हेतु 50,000 नकद पुरस्कार प्रशस्ति देय होगा।

❑ **राजस्थान में वर्तमान में 20 वन्य जीव कंजर्वेशन रिजर्व हो चुके है, निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?**

(1) 20वां कंजर्वेशन रिजर्व वाडाखेड़ा संरक्षित क्षेत्र–सिरोही

(2) 19वां वाघदर्रा क्रोकोडाइल संरक्षित क्षेत्र–उदयपुर

(3) 18वां कंजर्वेशन रिजर्व–बीड़ घास फुलिया खुर्द संरक्षण रिजर्व–भीलवाड़ा

(4) 17वां कंजर्वेशन रिजर्व–शाहबाद तलहटी कंजर्वेशन रिजर्व–झुन्झुनूं **(4)**

**व्याख्या**– 17वां कंजर्वेशन रिजर्व–शाहबाद तलहटी कंजर्वेशन रिजर्व बारां में स्थित है।

❑ **राज्य सरकार के शांति व अंहिसा विभाग के तत्वाधान में 11-12 जनवरी 2023 को दो दिवसीय युवा सम्मेलन 2023 का आयोजन कहाँ किया गया?**

(1) निम्बली, पाली

(2) राजभव, जयपुर

(3) राजगढ़, चूरू

(4) बयाना, भरतपुर **(1)**

**व्याख्या**– कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधीवादी विचारक और समाजसेवी श्री सवाई सिंह ने की।

जिला प्रशासन युवा मामले व खेल विभाग, स्काउट गाइड संघ और शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन गांधी पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री कुमार प्रशांत ने किया।

4 से 10 जनवरी 2023 जंबूरी, रोहट (पाली) में 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी का आयोजन किया गया।

❑ **83वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन कब हुआ?**

(1) 10 से 13 जनवरी, 2023

(2) 1 से 5 जनवरी, 2023

(3) 3 से 8 जनवरी, 2023

(4) 10 से 13 जनवरी, 2020 **(1)**

राय Publication Pvt. Ltd.

**व्याख्या-**




10 से 13 जनवरी, 2023 को 83वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन राजस्थान, विधानसभा में हुआ, इसकी अध्यक्षता 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला ने की।

राजस्थान को इसकी मेजबानी 11 वर्ष बाद मिली है।

- **11 से 17 जनवरी, 2023 तक प्रदेश में कौनसा राष्ट्रीय सप्ताह मनाया गया?**

(1) वन्य जीव संरक्षण सप्ताह
(2) सड़क सुरक्षा सप्ताह
(3) घर-घर औषधि सप्ताह
(4) स्वच्छ वातावरण सप्ताह **(2)**

- **राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड की वित्त समिति की बैठक में कितनी लघु पेयजल योजनाओं को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई?**

(1) 115 (2) 109
(3) 104 (4) 90 **(3)**

**व्याख्या-** राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड की वित्त समिति की बैठक में विभाग ने 1055 करोड़ 99 लाख रुपए की 104 संशोधित लघु पेयजल योजनाओं (ओटीएमपी) को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

इन लघु पेयजल योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 1 लाख 18 हजार 588 हर घर जल कनेक्शन दिये जाएंगे।

- **राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कौनसी योजना लागू की गई है?**

(1) ग्रामीण विरासत संरक्षण योजना
(2) देखो ग्रामीण राजस्थान योजना
(3) राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना
(4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

**व्याख्या-** राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना के तहत ग्रामीण पर्यटन इकाइयों को स्टांप ड्यूटी में 100% की छूट दी जायेगी।

आरंभ में 25% स्टांप ड्यूटी देय होगी, पर्यटन इकाई शुरू होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर पुनर्भरण किया जाएगा।

देय एवं जमा एसजीएसटी का 10 वर्षों तक 100% पुनर्भरण किया जाएगा।

- **8 जनवरी 2023 को राजस्थान विश्वविद्यालय का कौनसा स्थापना दिवस मनाया गया?**

(1) 72वां (2) 70वाँ
(3) 77वां (4) 80वाँ **(3)**

**व्याख्या-** 8 जनवरी 2023 को राजस्थान विश्वविद्यालय का 32वां दीक्षांत समारोह मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र थे।

- **7 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के किन शहरों से 5जी इंटरनेट सेवा का शुभारंभ किया?**

(1) जयपुर, जोधपुर, कोटा
(2) कोटा, बीकानेर, भरतपुर
(3) जयपुर, जोधपुर, अलवर
(4) जयपुर, जोधपुर, उदयपुर **(4)**

राय® Publication Pvt. Ltd.

**व्याख्या**- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 7 जनवरी 2023 को जयपुर में भामाशाह टेक्नो हब से राजस्थान के 3 शहरों में 5जी इंटरनेट सेवा का शुभारंभ किया रिलायंस जिओ की सेवा जयपुर जोधपुर तथा उदयपुर में उपलब्ध होगी।

इसी माह में कोटा और फरवरी में बीकानेर और अजमेर में भी 5G सेवा शुरू हो जाएगी।

24 अक्टूबर 2022 को रिलायंस जियो ने राजस्थान में नाथद्वारा, राजसमंद से 5 जी की शुरूआत की है।

- **8 जनवरी 2023 को बांसवाड़ा में माही महोत्सव की शुरूआत किसके द्वारा की गई?**

(1) अशोक गहलोत
(2) सचिन पायलट
(3) अर्जुन सिंह बामनिया
(4) नरेन्द्र मोदी **(3)**

**व्याख्या**-



बांसवाड़ा में परंपरागत माही महोत्सव जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने हरी झंडी दिखाकर शुरू की।

- **जयपुर की सुनीता धोबी ने राजस्थान जूनियर, सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के किस खेल में गोल्ड मेडल जीता है?**

(1) हैमर थ्रो (2) निशानेबाजी
(3) पावरलिफ्टिंग (4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

- **हाल ही में राजस्थान सरकार ने 100 करोड़ रुपए की लागत से किस जिले में यूनिवर्सिटी स्तर का इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट खोलने की घोषणा की है-**

(1) जयपुर
(2) अलवर
(3) जोधपुर
(4) कोटा **(1)**

**व्याख्या**- यह राज्य का पहला ऑटोनॉमस इंस्टिट्यूट होगा जो यूजी-पीजी से लेकर पीएचडी तक की पढ़ाई के लिए अपना सिलेबस तैयार करेगा और डिग्री भी देगा।

सरकार इसे 23 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में पेश कर सकती है।

- **33वाँ पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का आयोजन कहाँ किया गया?**

(1) जोधपुर (2) जयपुर
(3) अलवर (4) जैसलमेर **(1)**

**व्याख्या**- इसकी थीम-विकासशील राजस्थान उद्यमशील राजस्थान थी।

- **4-10 जनवरी 2023 को पाली में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में राष्ट्रीय जंबूरी अवॉर्ड्स में कौन सा राज्य सर्वश्रेष्ठ रहा।**

(1) पंजाब (2) हरियाणा
(3) राजस्थान (4) उत्तर प्रदेश **(3)**

- **टेक्नो और सोशल मीडिया कंपनी मेटा विकास पुरोहित को भारत में ग्लोबल बिजनेस ग्रुप का नया निदेशक नियुक्त किया है उनका संबंध किस जिले से है?**

(1) भरतपुर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) जयपुर **(3)**

**व्याख्या**- विकास इससे पहले टाटा ग्रुप के ई-कॉमर्स वेंचर क्लिक के सीइओ पद पर कार्यरत थे।

❑ **हाल ही में एसडीआरएफ (SDRF) के ब्रोशर का विमोचन किसके द्वारा किया गया?**

(1) अशोक गहलोत (2) गुलाबचंद कटारिया
(3) उमेश मिश्रा (4) संजीव गहलोत **(3)**

**व्याख्या**-



इस ब्रोशर में पिछले 7 साल की उपलब्धियों को दर्शाया गया है।

SDRF- State Disaster Response Force (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल)

❑ **फिनटेक और एग्रीटेक स्टार्टअप कंपनी ग्रोपिटल ने राजस्थान के किस गाँव को एक अनूठी कृषि योजना से जोड़ा है?**

(1) बड़कोचरा, अजमेर (2) रावतसर, हनुमानगढ़
(3) मुरलीपुरा, जयपुर (4) तारातरा, बाड़मेर **(4)**

**व्याख्या**- ग्रोपिटल को मैक्केन फूड्स इंडिया से 25 एकड़ जमीन में इस गाँव के किसान को रोजगार के अवसर देते हुए आलू उत्पादन का अनुबंध मिला है।

❑ **राजस्थान पुलिस के पूर्व महानिदेशक एमएल लाठर को हाल ही में राज्यपाल द्वारा किस पद पर नियुक्त किया गया?**

(1) राज्य मुख्य सूचना आयुक्त
(2) मानवाधिकार आयोग के सदस्य
(3) राज्य सूचना आयुक्त
(4) मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार **(3)**

***व्याख्या***- *ये मुख्य सूचना आयुक्त डीबी गुप्ता के अधीन कार्य करेंगे।*

- *इनका कार्यकाल 3 वर्ष रहेगा।*

***प्रमुख नियुक्तियाँ***–

- ***जस्टिस राम सिंह झाला*** *को राज्य मानवाधिकार आयोग का सदस्य बनाया गया।*
- ***अरविंद मायाराम*** *को राजस्थान सरकार के वित्तीय सलाहकार / मुख्यमंत्री की आर्थिक सलाहकार के पद पर नियुक्त किया गया।*

❑ **सूफिया कतर मैराथन साउथ टू नॉर्थ की दौड़ में हिस्सा लेने वाली विश्व की पहली महिला बनने जा रही है। इनका संबंध राजस्थान के किस जिले से है**–

(1) बीकानेर (2) अलवर
(3) अजमेर (4) कोटा **(3)**

***व्याख्या- अजमेर की सूफिया की अन्य उपलब्धियाँ***

- *2019 में कश्मीर से कन्याकुमारी की दूरी 87 दिन में पूरी कर गिनीज बुक रिकॉर्ड बनाया तथा सबसे तेज गति की महिला एथलीट बनी।*
- *2021 में चार महानगरों के बीच की दूरी 110 दिन में पूरी कर दूसरा विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया।*
- *2022 में मनाली से लेह 480 किलोमीटर की दूरी 7 दिन में पूरी कर तीसरा रिकॉर्ड बनाया।*

❑ **13-15 जनवरी 2023 को अंतर्राष्ट्रीय ऊंट महोत्सव का आयोजन कहाँ किया गया।**

(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) बीकानेर (4) पुष्कर **(3)**

***व्याख्या***- *2022 में इसका आयोजन 6 से 8 मार्च को किया गया।*

*जनवरी, 2023 तीन दिवसीय भीलवाड़ा महोत्सव का शुभारंभ राज्यमंत्री श्री रामलाल जाट तथा राजस्थान बीज निगम अध्यक्ष श्री धीरज गुर्जर ने किया।*

राय Publication Pvt. Ltd.

❑ **जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 15वें संस्करण में किस अभिनेत्री को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया?**

(1) अपर्णा सेन (2) आकाश कुसुम
(3) चौरंगी लेन (4) दीपिका पादुकोण **(1)**

❑ **नीरु यादव उर्फ 'हॉकी वाली सरपंच' ने लंबी अहीर गांव के किसानों को समर्थन देने के लिए एक नया प्रयास नाबार्ड के साथ मिलकर शुरु किया है, यह गाँव किस जिले में है?**

(1) बाड़मेर (2) बीकानेर
(3) झुंझुनूं (4) अलवर **(3)**

***व्याख्या***– *नीरु यादव और नाबार्ड ने SIIRD (भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान की सोसायटी) की मदद से किसान उत्पादक संगठन (FPO) शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।*

– *नाबार्ड द्वारा राजस्थान में पेश किया जाने वाला इस प्रकार का 15वां एफपीओ 'सच्ची सहेली महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' है।*

❑ **मेजर ध्यानचंद खेल स्टेडियम योजना के तहत् सूरण गांव के खेल मैदान में भव्य स्टेडियम बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की, यह किस जिले में है–**

(1) बाड़मेर (2) नागौर
(3) उदयपुर (4) भरतपुर **(3)**

***व्याख्या***– *सूरण गांव, उदयपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 50 लाख की राशि से भव्य स्टेडियम बनाने की घोषणा की है, इसके अलावा सायरा और गोगुंदा में भी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम की स्वीकृति दी है।*

❑ **पहला पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार किसे दिया गया?**

(1) कमल रंगा (2) जितेंद्र कुमार सोनी
(3) रीना मेनारिया (4) दिलीप भट्ट **(3)**

***व्याख्या***–




*पहला पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार उदयपुर की रीना मेनारिया को दिया गया।*

– *उपन्यास – नेटणी री नोबत।*

❑ **नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम की नवंबर माह की रैंकिंग में राज्य के किस जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया?**

(1) करौली (2) जैसलमेर
(3) नागौर (4) अलवर **(2)**

***व्याख्या***– *नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम में नवंबर माह की रैंकिंग में राज्य के जैसलमेर जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।*

– *सतत् विकास गोल सूचकांक (SDG) 3.0 में जैसलमेर अंतिम पायदान पर है।*

– *देश के पहले 390 मेगावाट हाइब्रिड विंड सोलर पावर प्लांट का उत्पादन जैसलमेर में शुरु हुआ है।*

– *अडानी ग्रीन ने दुनिया का सबसे बड़ा पवन-सौर ऊर्जा संयंत्र राजस्थान के जैसलमेर जिले में शुरु किया है।*

❑ **डॉ. सुनीता घोघरा किस अकादमी की पहली आदिवासी महिला उपाध्यक्ष बनी है?**

राय® Publication Pvt. Ltd.

(1) राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर
(2) राजस्थान सिंधी अकादमी, जयपुर
(3) राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी, जयपुर
(4) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर **(1)**

***व्याख्या-***




*राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सारण के निर्देशन में हाल ही में गठित 19वीं सरस्वती सभा की पहली बैठक उदयपुर स्थित अकादमी मुख्यालय में हुई बैठक में आदिवासी वर्ग के भील समुदाय के डॉ. सुनीता घोघरा को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया है।*

- *पहली बार किसी महिला व जनजाति समुदाय की महिला को उपाध्यक्ष चुना गया है।*
- *डॉ. सुनीता घोघरा की पुस्तक - मत्ताई।*

❑ **राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) के पुनः अध्यक्ष चुने गए हैं-**

(1) डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी
(2) अनिल कुमार शर्मा
(3) ओमप्रकाश मिठारवाल
(4) वैभव गहलोत **(4)**

***व्याख्या-***



*वैभव गहलोत राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) के पुनः अध्यक्ष बन गए हैं।*

- *डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी- अलवर के जिला कलेक्टर*
- *अनिल कुमार शर्मा - सरदार शहर विधानसभा सीट उपचुनाव से कांग्रेस से विजेता*

❑ **देवखेड़ा / देवपुरा गाँव को मेरा गाँव मेरी धरोहर के लिए चयनित किया गया है। इस गाँव में किस क्रांतिकारी का जन्म हुआ था।**

(1) विजय सिंह पथिक (2) अर्जुन लाल सेठी
(3) केसरी सिंह बारहठ (4) गोपाल सिंह खरवा **(3)**

***व्याख्या-*** *केसरी सिंह बारहठ के जन्म स्थान - देवखेड़ा / देवपुरा गाँव को मेरा गाँव मेरी धरोहर के लिए चयनित किया गया है।*

- *इनका जन्म 1872 देवपुरा गाँव शाहपुरा में हुआ।*
- *इनके कर्मभूमि कोटा थी, जहाँ इनकी मृत्यु 1941 को हो गई।*
- *1903 मेवाड़ महाराणा फतेह सिंह को चेतावनी रा चूंगट्या लिखकर कर्जन दरबार में जाने से रोका।*

- 1910 में वीर भारत सभा की स्थापना की।

❑ **वर्तमान में राजस्थान विधानसभा की महिला व बाल कल्याण संबंधित समिति के अध्यक्ष है?**
(1) शंकुतला रावत (2) मंजू देवी
(3) साफिया जुबेर (4) अनिल भदेल **(4)**

❑ **ई-मित्र एट होम योजना को निम्न में से किन जिलों के शहरी क्षेत्रों हेतु शुरु किया गया?**
(1) जोधपुर-जयपुर (2) जयपुर-कोटा
(3) कोटा-जोधपुर (4) अजमेर-अजमेर **(1)**

❑ **वरुण नौसेना अभ्यास भारत और किस देश के बीच शुरू हुआ है?**
(1) फ्रांस (2) इंडोनेशिया
(3) जापान (4) आस्ट्रेलिया **(1)**

***व्याख्या***– *16 जनवरी, 2023 को भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसेनिक अभ्यास 'वरुण' का 21वां संस्करण पश्चिमी समुद्री तट पर शुरु हुआ। यह अभ्यास 16 से 20 जनवरी, 2023 तक 5 दिनों के लिए चलाया गया।*
*भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास की शुरुआत वर्ष 1993 में की गई। इसे वर्ष 2001 में* ***वरुण*** *नाम दिया गया था।*

❑ **मुकर्रम जाह बहादुर का निधन हो गया है, यह कहाँ के आखरी निजाम थे?**
(1) हैदराबाद (2) जम्मू कश्मीर
(3) भोपाल (4) जूनागढ़ **(1)**

***व्याख्या***– *हैदराबाद के आठवें निजाम प्रिंस मुकर्रम जाह बहादुर का तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में निधन हो गया। हाल ही में पश्चिमी बंगाल के पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी और यूनान के अंतिम राजा कॉन्स्टेंटाइन द्वितीय का भी निधन हो गया है।*

❑ **मार्शल द्वीप समूह गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(1) विकास पुरोहित
(2) सिबी जॉर्ज
(3) अजय कुमार श्रीवास्तव
(4) संतोष कुमार यादव **(2)**

***व्याख्या***–



*वर्तमान में जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज को 16 जनवरी, 2023 को मार्शल द्वीप समूह गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में मान्यता दी गई है।*

❑ **शंघाई सहयोग संगठन (SCO) फिल्म महोत्सव में कौनसी फिल्म दिखाई जाएगी?**
(1) जंगल क्राय (2) झुण्ड
(3) स्पेसबॉय (4) तुलसीदास जूनियर **(4)**

***व्याख्या***– *शंघाई सहयोग संगठन फिल्म समारोह 27 जनवरी से 31 जनवरी 2023 तक मुंबई में आयोजित होगा।*
*SCO की 2023 में अध्यक्षता भारत करेगा।*
*भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने।*
*68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022 में मृदुल तुलसीदास द्वारा निर्देशित तुलसीदास जूनियर ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता है।*

❑ **भारतीय सेना ने पहली बार कमांड भूमिकाओं के लिए लगभग कितनी महिला अधिकारियों को मंजूरी दी है?**

राय® Publication Pvt. Ltd.

(1) 10 (2) 15
(3) 20 (4) 30 **(4)**

- **केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार पूरे देश को किस वर्ष तक डॉप्लर मौसम रडार नेटवर्क से कवर किया जाएगा?**

(1) 2024 (2) 2025
(3) 2026 (4) 2027 **(2)**

***व्याख्या***- *भारत मौसम विज्ञान विभाग के स्थापना दिवस के अवसर पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में डॉप्लर वेदर रडार (DWR) प्रणाली का उद्घाटन किया।*

- **भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) का 148वां स्थापना दिवस किस शहर में मनाया गया?**

(1) कोलकाता (2) नई दिल्ली
(3) आगरा (4) पुणे **(2)**

***व्याख्या***- *IMD मौसम विज्ञान, भूकंप विज्ञान और संबंधित विषयों के संबंधित प्रमुख सरकारी एजेंसी है। IMD की स्थापना 1875 में हुई, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत् कार्य करता है।*

- **किसकी वार्षिक असमानता रिपोर्ट के अनुसार भारत में सबसे अमीर 1% लोगों के पास अब देश की कुल संपत्ति का 40% से अधिक हिस्सा है।**

(1) एमनेस्टी इंटरनेशनल
(2) ग्रीनपीस
(3) ऑक्सफैम इंटरनेशनल
(4) वर्ल्ड विजन इंटरनेशनल **(3)**

***व्याख्या***- ***ऑक्सफैम इंटरनेशनल***

\- *यह 1995 में गठित स्वतंत्र गैर-सरकारी संगठनों का एक समूह है। इसके द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट इनइक्वलिटी किल्स, ग्लोबल इनइक्कविटी क्राइसिस रिपोर्ट है।*

- **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) का नया मुख्य अर्थशास्त्री किसे नियुक्त किया गया है?**

(1) पीटर मौरर (2) क्लेयर लोम्बर्डेली
(3) लारेंस बूने (4) एंटोनियो गुटेरेस **(2)**

***व्याख्या***- *ये फ्रांस की लॉरेंस बूने की जगह OECD के आर्थिक कार्यों का नेतृत्व करेंगी।* ***OECD*** *– The Organization for economic co-operation and development.*

*यह 38 सदस्य देशों के साथ एक अंतर - सरकारी संगठन है।*

- **जी-20 के तहत् थिंक-20 बैठक 16 जनवरी, 2023 को किस शहर में हुई?**

(1) भोपाल (2) नई दिल्ली
(3) आगरा (4) पटना **(1)**

***व्याख्या***- *बैठक में भारत के बुद्धिजीवियों और अधिकारियों के अलावा विभिन्न देशों के 94 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।*

- **28वां क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2023 में किस भारतीय फिल्म को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म और बेस्ट सॉन्ग के लिए अवार्ड मिला है?**

(1) द कश्मीर फाइल्स
(2) आर आर आर
(3) ब्रह्मास्त्र
(4) राधेश्याम **(2)**

***व्याख्या***- *'राइज, रॉर, रिवोल्ट' (आर आर आर) को हाल ही में सॉन्ग 'नाटू नाटू' के लिए गोल्डन ग्लोब अवार्ड मिला था।*

- **जल्लीकट्टू किस राज्य से संबंधित है?**

(1) केरल (2) कर्नाटक
(3) तमिलनाडु (4) हरियाणा **(3)**

***व्याख्या***- *जल्लीकट्टू एक पारंपरिक खेल है जो भारतीय राज्य तमिलनाडु में लोकप्रिय है।*

*इस खेल में लोगों की भीड़ में एक साँड को छोड़ दिया जाता है तथा प्रतिभागी साँड के कूबड़ को पकड़ने और यथासंभव लंबे समय तक सवारी करने या इसे नियंत्रण में लाने का प्रयास करते हैं।*

*यह जनवरी के महीने में तमिल फसल उत्सव, पोंगल के*

*दौरान मनाया जाता है।*

- **हाल ही में किस देश में इबोला रोग के प्रकोप की समाप्ति की घोषणा की है?**

(1) इथियोपिया (2) घाना
(3) तंजानिया (4) युगांडा **(4)**

***व्याख्या***- *इबोला वायरस पहली बार 1976 में कांगों में इबोला नदी के पास खोजा गया था। यह वायरस जंगली जानवरों से इंसानों में फैलता है।*

- **हाल ही में किसने स्काईहॉक नाम का भारत का पहला 5G सक्षम ड्रोन विकसित किया है?**

(1) पारस एरोस्पेस
(2) आईजी ड्रोन
(3) ढाक्षा मानव रहित सिस्टम
(4) जनरल एरोनॉटिक्स **(2)**

***व्याख्या***- *टेक स्टार्टअप फर्म IG ड्रोन ने वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग में सक्षम भारत का पहला 5G सक्षम ड्रोन विकसित किया है।*
*इस ड्रोन को स्काईहॉक नाम दिया गया है और इसे रक्षा और चिकित्सा के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी इस्तेमाल कर सकते है।*

- **किस राज्य में ऑनलाइन गेमिंग के लिए भारत का पहला उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की है?**

(1) मेघालय (2) असम
(3) नागालैण्ड (4) मणिपुर **(1)**

***व्याख्या***- *केन्द्र सरकार ने शिलांग, मेघालय में ऑनलाइन गेमिंग के लिए भारत का पहला उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की है।*
*यह अगली पीढ़ी के ऑनलाइन गेमिंग इकोसिस्टम के निर्माण के लिए भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के स्टार्टअप्स को प्रेरित करेगा।*

- **विश्व आर्थिक मंच शिखर सम्मेलन का 53वां संस्करण किस देश में शुरु हुआ?**

(1) नॉर्वे (2) स्विट्जरलैण्ड
(3) स्वीडन (4) भारत **(2)**

***व्याख्या***-*यह 16 जनवरी से 20 जनवरी 2023 तक दाबोस, स्विट्जरलैण्ड में आयोजित हुआ।*
*विश्व आर्थिक मंच (WEF) 2023 की बैठक की थीम को ऑपरेशन इन अ फ्रैग्मेण्टेड वर्ल्ड है।*

- **मिस यूनिवर्स 2023 का खिताब किसने जीता है?**

(1) अमेंडा दूदामेल
(2) आर बॉनी ग्रेब्रिएल
(3) एंड्रिना मार्टिनेज
(4) दिविता राय **(2)**

***व्याख्या***- *71वां मिस यूनिवर्स खिताब* **USA** *की आर बॉनी गैब्रिएल ने अपने नाम किया है। भारत की हरनाज संधू ने उन्हें ताज पहनाया।*
- *फर्स्ट रनर अप वेनेजुएला की अमेंडा दूदामेल और सेकेंड रनर अप डोमिनिकन रिपब्लिक की एंड्रिना मार्टिनेज रही।*
- *इसमें 25 साल की दिविता राय ने भारत को रिप्रजेंट किया जो टॉप 5 में नहीं पहुँच सकी।*

- **75वां भारतीय सेना दिवस कब मनाया गया?**

(1) 11 जनवरी 2023 (2) 12 जनवरी 2023
(3) 15 जनवरी 2023 (4) 16 जनवरी 2023 **(3)**

***व्याख्या***- *भारतीय सेना दिवस फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है।*
*इस वर्ष सेना दिवस के उपलक्ष्य में पहली बार दिल्ली के बाहर बेंगलुरु में परेड का आयोजन किया गया है।*

- **'सोल ऑफ स्टील' चैलेंज किस राज्य में लॉच किया गया है?**

(1) हरियाणा (2) उत्तरप्रदेश
(3) झारखंड (4) उत्तराखंड **(4)**

***व्याख्या***- *14 जनवरी, 2023 को उत्तराखंड में ऊँचाई पर सहनशक्ति का परीक्षण करने के उद्देश्य से यह लॉच किया गया।*
*इसके नेतृत्व में क्लॉ ग्लोबल द्वारा किया जा रहा है और*

राय® Publication Pvt. Ltd.

*इसे भारतीय सेना द्वारा समर्थन प्राप्त है।*

❑ **राष्ट्रीय खादी उत्सव 2023 का आयोजन किस राज्य में किया गया?**

(1) छत्तीसगढ़ (2) मध्यप्रदेश

(3) बिहार (4) राजस्थान **(2)**

***व्याख्या***– *इसका आयोजन 13 से 23 जनवरी 2023 तक किया जाएगा।*

– *खादी को लोकप्रिय बनाने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा भोपाल में राष्ट्रीय खादी उत्सव-2023 का आयोजन किया जा रहा है।*

❑ **पीएम मोदी ने 8वीं वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, यह सिकंदराबाद और किस शहर के बीच चलेगी?**

(1) मुम्बई (2) नागपुर

(3) विखाशापट्टनम (4) भुवनेश्वर **(3)**

***व्याख्या***– *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी 2023 को पोंगल के मौके पर सिकंदराबाद को विशाखापट्टनम से जोड़ने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।*

*यह 8वीं वंदे भारत एक्सप्रेस है, जो तेलंगाना के सिकंदराबाद और आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम के बीच लगभग 8 घंटे की दूरी तय करेगी।*

❑ **'इरफान खान : ए लाइफ इन मूवीज' पुस्तक को किसने लिखा है?**

(1) आराधना जौहरी (2) डॉ. श्रीराम चौलिया

(3) ऋचा मिश्रा (4) शुभ्रा गुप्ता **(4)**

***व्याख्या***– *इस पुस्तक का विमोचन मार्च 2023 में किया जाएगा। इस पुस्तक में अभिनेता इरफान खान की जीवन की उपलब्धियों के बारे में बताया गया है।*

❑❑❑

राय® Publication Pvt. Ltd.